
# पुराने विवाद में कांग्रेस नेता के भाई का अपहरण और मारपीट; भीड़ ने आरोपी की कार तोड़ी

**सतना।** शहर के नजीराबाद इलाके में शनिवार देर रात उस समय बड़ा तनाव पैदा हो गया, जब एक पुराने विवाद को लेकर कुछ लोगों ने इमरान नामक युवक का अपहरण कर उसे अपने घर में बंधक बना लिया और गंभीर रूप से पीटा। पीड़ित युवक कांग्रेस नेता महसूद अहमद शेरू का भाई बताया जा रहा है।







### कमरे में बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा

मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी अब्दुल कादिर और उसके साथियों ने इमरान को जबरन उठाकर अपने घर ले गए। आरोप है कि वहां उसे एक कमरे में बंद कर बेरहमी से मारा-पीटा गया।

### गुस्साई भीड़ ने किया हमला

जैसे ही इमरान के दोस्तों और परिचितों को घटना का पता चला, वे बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को साथ लेकर आरोपी कादिर के घर के बाहर इकट्ठा हो गए। देखते ही देखते भीड़ में गुस्सा भड़क उठा।

### कार में तोड़फोड़, पथराव

उग्र भीड़ ने सबसे पहले आरोपी की कार में जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद माहौल और बिगड़ गया और भीड़ ने घर पर जमकर पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई।

### विवाद की जड़ः बच्चों का झगड़ा

विवाद की शुरुआत पन्ना रोड स्थित के के बाजार दुकान के मालिक कादिर खान के 14 वर्षीय बेटे से हुई। आरोप है कि कादिर का बेटा नजीराबाद के मदरसे में खेलने आने वाले बच्चों के साथ आए दिन मारपीट करता था। कांग्रेस नेता के भाई इमरान को जब यह बात पता चली, तो वह अपने दोस्तों के साथ कादिर के बेटे को समझाने पहुंचा। इसी दौरान कादिर और उसके साथियों ने इमरान को बंधक बना लिया।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा, जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने भीड़ को शांत कराया, बंधक बनाए गए इमरान को छुड़ाया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच की जा रही है ।

## खबर संक्षेप



### बकाया बिजली बिल वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई, 150 से अधिक कनेक्शन कटे

**मैहर।** बिजली बिल समय पर जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ घुनवारा विद्युत विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है, जिससे उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। घुनवारा विद्युत वितरण की ओर से कनिष्ठ अभियंता आलम खान के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। घुनवारा डीसी (वितरण केंद्र) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में बिजली बिल बकाया वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई को देखते हुए कई बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं ने मौके पर ही तत्काल बिल जमा कर दिए। हालांकि, चेतावनी के बावजूद बिल जमा नहीं कराने वाले लगभग 150 से अधिक उपभोक्ताओं के मौके पर ही कनिष्ठ अभियंता की मौजूदगी में कनेक्शन काट दिए गए। कनिष्ठ अभियंता आलम खान ने स्पष्ट किया है कि जो भी उपभोक्ता समय पर बिजली बिल जमा नहीं कराएंगे, उनके खिलाफ कनेक्शन काटने की यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। विभाग की इस सख्त कार्रवाई से बकायादारों में बिल भुगतान करने की तत्परता देखने को मिल रही है।

# चलती मोटर साइकिल से बैग छीनने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस ने चलती मोटर साइकिल पर बैठी महिला फरियादिया का बैग छीनकर लूट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर एवं नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमदरा और उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई की। जब फरियादिया चंदा त्रिपाठी अपने पति उमेश त्रिपाठी के साथ मोटर साइकिल से झंड से शाहनगर जा रही थीं। रास्ते में नेशनल हाइवे 30 पर टोल प्लाजा खेरवासानी के पास, पीछे से आई पल्सर मोटर साइकिल पर सवार तीन बदमाशों ने बगल से आकर महिला का बैग छीन लिया और कटनी की तरफ भाग गए। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना अमदरा में अप.क्र. 320/25 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी नवल किशोर साहू को गिरफ्तार किया, जिसके बाद अन्य दो आरोपियों आजाद कुशवाहा और अंकित देव साकेत को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों से लूटा गया सैमसंग कंपनी का मोबाइल (कीमत करीब 12,000), नगदी 2,000 और घटना में इस्तेमाल की गई पल्सर 220 सीसी मोटर साइकिल (कीमत करीब 1,70,000) जब्त की गई है।



# विरोध की राह पर 'डॉक्टर्स': सतना मेडिकल कॉलेज में 'आधी-अधूरी' व्यवस्थाओं पर स्टूडेंट्स का जोरदार प्रदर्शन

**सतना।** सेन्ट्रल जेल के निकट स्थित पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने सोमवार को कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ सड़कों पर उतरकर अपनी नाराजगी जाहिर की। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज के पास अपनाशिक्षण अस्पताल नहीं है, जिसके कारण उन्हें बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहते हुए, अपनी पढ़ाई के लिए प्रतिदिन 8 किलोमीटर दूर सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल जाना पड़ता है। विरोध प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स ने बताया कि नेशनल मेडिकल कमीशन के स्पष्ट दिशानिर्देशों के अनुसार, यदि किसी मेडिकल कॉलेज के पास खुद का अस्पताल नहीं है, तो छात्रों को क्लिनिकल प्रैक्टिकल के लिए जाने-आने हेतु बस या वाहन सुविधा उपलब्ध कराना अनिवार्य है। छात्रों का कहना है कि कॉलेज प्रशासन इस नियम की पूरी तरह अनदेखी कर रहा है। बस सुविधा प्रदान न किए जाने से उनका न केवल बहुमूल्य समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि यात्रा की असुविधा उनकी पढ़ाई पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां लहराते हुए स्पष्ट किया, हम यहां पढ़ने आए हैं, न कि रोज़ाना यात्रा करने के लिए।




**जिला अस्पताल में भी बदहालीः न लेक्चर हॉल, न संसाधन**

छात्रों ने संबद्ध जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं की भी लंबी सूची पेश की, कहा कि नियमित कक्षाएं संचालित करने के लिए जिला अस्पताल में पर्याप्त लेक्चर हॉल उपलब्ध नहीं हैं। शौचालयों की संख्या बहुत कम है और उनकी स्थिति भी असंतोषजनक है। ऑपरेशन थिएटर और अन्य महत्वपूर्ण विभागों में आवश्यक संसाधनों की कमी है, जिससे छात्रों के प्रैक्टिकल में बाधा आ रही है और मरीज़ों के समय पर इलाज में भी देरी हो रही है।

**प्रशासन को चेतावनीः जल्द समाधान नहीं, तो आंदोलन होगा तेज़**

इन गंभीर समस्याओं को लेकर छात्रों ने कॉलेज गेट पर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से तत्काल बस सुविधा शुरू करने की मांग की। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। इस पूरे मामले पर, कॉलेज प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# एसआईआर में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बीएलओ सम्मानित



**मैहर।** विधानसभा मैहर में एसआईआर (संक्षिप्त पुनरीक्षण) कार्य को तय समय से पहले 100 प्रतिशत पूरा करने वाले बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को सोमवार को मैहर कलेक्टर रानी बाटड़, एसपी अवधेश प्रताप सिंह और एसडीएम दिव्या पटेल ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार शिवभूषण सिंह और प्रवीण त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। जिन बीएलओ को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया, उनमें मतदान केंद्र 71 की रजनी सूर्यवंशी, मतदान केंद्र 83 के प्रदीप राज ठाकरे, मतदान केंद्र 84 के बालगोविंद कुशवाहा, मतदान केंद्र 31 के छोटेलाल शर्मा, मतदान केंद्र 32 के मनोज दुबे, मतदान केंद्र 136 की केशकली सिंह, मतदान केंद्र 19 के राजेंद्र प्रसाद यादव, और मतदान केंद्र 21 के धर्मेंद्र सिंह शामिल हैं। एसआईआर कार्य में बेहतर योगदान के लिए पटवारी सियाशरण पटेल को भी कलेक्टर ने सम्मानित किया। विशेष रूप से, नायब तहसीलदार अमदरा शिव भूषण सिंह की टीम ने अब तक क्षेत्र में 31,393 (मतदाता पंजीयन) कार्य और 77.20 प्रतिशत एस आई आर कार्य पूरा कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है, जिसके लिए टीम की सराहना की गई।

# घर में घुसकर जानलेवा हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह (भा.पु.से.) के सख्त निर्देशों के तहत, रैगांव थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। रैगांव पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई के चलते, घर में घुसकर 7 लोगों को गंभीर रूप से लहूलुहान करने वाले तीन खूँखार आरोपियों को गिरफ्तार कर आज सीधे सलाखों के पीछे भेजा गया है। फरियादी वैरिन्द्र चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 01:30 बजे, मोहल्ले के मोहित चौधरी, रोहित चौधरी, तथा राहुल चौधरी ने केवल घर के सामने मोटर साइकिल रखने से मना करने की मामूली बात पर भड़क कर, घर के अंदर बलपूर्वक घुसकर परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस बर्बर हमले में 04 महिलाओं और 03 पुरुषों समेत कुल 07 व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईं थीं, जिन्हें जिला चिकित्सालय सतना में भर्ती कराना पड़ा था। थाना रैगांव पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान आहतगणों के मेडिकल दस्तावेज़, एक्स-रे और सीटी स्कैन रिपोर्ट प्राप्त होने पर मामले में भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराएँ 117(2) और 331(7) बढ़ाई गईं। आखिरकार, रैगांव पुलिस टीम ने दबिश देकर तीनों मुख्य आरोपियो रोहित चौधरी, मोहित चौधरी (दोनों निवासी रैगांव) और राहुल चौधरी (निवासी मढ़ीकला) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस सराहनीय गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली टीम में सउनि सीपी वर्मा, उप निरीक्षक आर.पी. त्रिपाठी, प्रआर कवीन्द्र त्रिपाठी, आरक्षक विवेक सिंह, और आरक्षक अभिषेक यादव की उत्कृष्ट भूमिका रही।







# श्रद्धांजलि और नेत्रदान महादानः श्रीमती ललिता पुरी ने नेत्र दान कर दो जिंदगियों को दी रोशनी

**सतना।** पंजाबी कॉलोनी के डाली बाबा क्षेत्र में रहने वालीं श्रीमती ललिता पुरी (स्वर्गीय हरीश पुरी की धर्मपत्नी) के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। हालांकि, इस दुःख की घड़ी में पुरी परिवार ने एक ऐसा परोपकारी कदम उठाया है, जिसने दिवंगत आत्मा को सचमुच अमर बना दिया है। श्रीमती ललिता पुरी के भतीजे मोहित पुरी ने तत्परता दिखाते हुए लायंस क्लब के पवन मलिक से संपर्क साधा और नेत्रदान की इच्छा व्यक्त की। परिवार की यह महान पहल तुरंत क्रियान्वित हुई। लायंस क्लब हेल्पिंग हैंड्स के समन्वय और सद्गुरु सिटी आई क्लिनिक की सजग टीम के सहयोग से, सफलता पूर्वक नेत्रदान कराया गया। पुरी परिवार के इस सर्वोत्तम दान (नेत्रदान) के कारण अब दो नेत्रहीन व्यक्तियों का जीवन हमेशा के लिए प्रकाशित हो जाएगा। पीड़ित मानवता की सेवा में दिए गए इस लोकोपकारी दान के लिए, लायंस क्लब ने पुरी परिवार के सदस्यों के प्रति गहरा आभार और साधुवाद व्यक्त किया है। साधुवाद प्राप्त करने वाले परिजन जेठ चरणजीत सिंह पुरी, रमेश कुमार पुरी पुत्र राजीव पुरी, राहुल पुरी भतीजे गिरीश पुरी, शमी पुरी, आशीष पुरी, चंदन पुरी, मोहित पुरी लायंस क्लब परिवार के सदस्य, जिनमें पवन मलिक, शैलेन्द्र त्रिपाठी, आलोक त्रिपाठी, संतोष सक्सेना, जय कुमार जैन, एड मकसूद अहमद, धर्मेंद्र सेन, विनय त्रिपाठी, जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल', के के द्विवेदी, आशीष केसरवानी, संजय मिश्रा, राजेंद्र श्रीवास्तव, कैलाश कुमार अहिरवार, संदीप पटेल, योगेश शर्मा, राजेश केशरवानी, अनिल गर्ग, राजदीप सिंह भाटिया, और जीतेंद्र गर्ग शामिल हैं, ने पुण्य आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# जनपद मुख्यालय में 4.5 लाख का शौचालय डेढ़ साल से अधूरा, लगा ताला

## 96 पंचायतों के हाल का अंदाजा!

### मझगवां में निर्माण की गति पर सवाल, किसकी लापरवाही?

**सतना।** जनपद पंचायत मझगवां कार्यालय परिसर में महिला कर्मचारियों और आमजन की सुविधा के लिए 4.5 लाख की लागत से बन रहा एक शौचालय डेढ़ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है। आश्चर्य की बात यह है कि मुख्यालय के इस निर्माणधीन और अपूर्ण शौचालय पर ताला लगा रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब जनपद मुख्यालय में ही बन रहे इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य की यह स्थिति है, तो जनपद की 96 ग्राम पंचायतों में चल रहे अन्य विकास कार्यों का क्या हाल होगा? यह गंभीर सवाल प्रशासनिक व्यवस्था पर खड़े करता है।



### लापरवाही किसकीः सरपंच या सचिव?

शौचालय निर्माण का कार्य एक लंबी अवधि से पूरा न हो पाना सीधे तौर पर प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। यह कमी मुख्य रूप से निर्माण कार्य की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और क्रियान्वयन इकाई की है। परियोजना को समय पर पूरा कराने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से पंचायत के सचिव और उस पर निगरानी रखने वाले जनपद अधिकारियों की होती है। मुख्यालय के भवन पर ही 'साहबों' की नजर न पड़ना कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने नए डिपो इंचार्ज कृतेश का किया सम्मान



**सतना।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ शाखा सतना ने को नव पदस्थापित डिपो इंचार्ज कृतेश सिंह का भव्य सम्मान किया। यह सम्मान समारोह कृतेश सिंह के डिपो इंचार्ज का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मजदूर संघ के सैकड़ों की संख्या में सदस्यों ने कृतेश सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में शाखा सचिव आनंद यादव, कोषाध्यक्ष दीपक गौतम, सह सचिव विकाश कुमार, अमरेश गुलशन कुमार, प्रेमराज रंजन, अभिषेक अनल, एम के शर्मा, रविकांत भारद्वाज, बेटा लाल कुशवाहा, गुलशन कुमार, नीरज राज, निवेन्द्र सिंह, देवेन्द्र कुमार, भागवत प्रसाद पांडेय, पंकज मिश्रा, मो. तौहीद अनवर, जंगबहादुर, **Sandwich** जयसवाल, अभिषेक कुमार, अरुण सिंह, श्रीराम राय, और रवीश कुमार सहित बड़ी संख्या में मजदूर संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि कृतेश सिंह के मार्गदर्शन में डिपो का कार्य और भी सुचारु रूप से चलेगा तथा कर्मचारी हित में बेहतर कार्य होंगे।

## मैहर में पीएम हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभः शारदा धाम के दर्शन अब होंगे सुगम

**मैहर।** सोमवार को पीएम श्री हेलीकॉप्टर योजना का विधिवत शुभारंभ हो गया है, जिससे माता शारदा धाम के श्रद्धालुओं की यात्रा अब और भी आसान, तेज और सुरक्षित हो जाएगी। छह-सीटर हेलीकॉप्टर के मैहर पहुंचने पर सर्वप्रथम पूजा-अर्चना की गई। इस ऐतिहासिक अवसर को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। पूजा-पाठ के उपरांत हेलीकॉप्टर ने पहली बार यात्रियों को लेकर चित्रकूट के लिए उड़ान भरी। इस शुभ अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें सांसद गणेश सिंह, सतना जिला प्रभारी और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, भाजपा जिलाअध्यक्ष कमलेश सुहाने, सत्यभान सिंह पटेल, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, कुलदीप तिवारी, विकास तिवारी, सतीश मिश्रा, प्रकाश चौरसिया, दिलीप त्रिपाठी, आदित्य शुक्ला, अंबुज प्रिंस शर्मा, गणेश विश्वकर्मा, मनोज चौरसिया, राकेश मौर्य, सतविंदर सिंह सरना, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, जयंती महेश तिवारी, रितु कोल, शशि मिश्रा, रीता आहूजा, तथा अन्य नागरिक शामिल थे। प्रशासनिक अमले में मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# संरक्षित विरासत, सुरक्षित भविष्य विषय पर कार्यशाला का महाविद्यालय में सफल आयोजन

**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में 24 नवंबर को "संरक्षित विरासत, सुरक्षित भविष्य" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी तथा स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में इतिहास विभागाध्यक्ष आभाष तिवारी, एवं टीम सदस्य प्रशांत चौबे, सूरज पटेल, तथा डॉ. रिंकू सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। संस्था के प्राचार्य डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि पन्ना की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे स्थानीय धरोहरों के संरक्षण, अध्ययन और प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएँ, क्योंकि संरक्षित विरासत ही सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। इतिहास विभागाध्यक्ष आभाष तिवारी ने कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि विरासत का संरक्षण केवल अतीत की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली




पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का माध्यम है। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने कहा कि विरासत किसी भी समाज की आत्मा होती है और इसका संरक्षण नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिकता के बीच अपनी सांस्कृतिक जड़ों को सँजोकर रखना ही राष्ट्र निर्माण की दिशा में पहला कदम है। इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रशांत चौबे ने बताया कि अगर हम अपनी विरासत को सहेज नहीं पाए, तो हम अपनी जड़ों को खो देंगे। जिस राष्ट्र को अपनी विरासत पर गर्व नहीं होता, वह विकास के शिखर पर भी अपनी पहचान कायम नहीं रख सकता। डॉ. सूरज पटेल ने पन्ना जिले की स्थानीय लोक-संस्कृति, परंपराओं और विरासत स्थलों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. रिंकू सिंह ने विरासत को संरक्षित रखने में जनसहभागिता और सामुदायिक जागरूकता के महत्त्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सूरज पटेल एवं आभार प्रदर्शन डॉ रिंकू सिंह ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

## खबर संक्षेप

### पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, दो की मौत, एक घायल



**पन्ना।** पन्ना जिले के सिमरिया थाना की मौहन्द्रा पुलिस चौकी के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट जाने से पिकअप में सवार तीन लोगों में एक की घटना स्थल पर और एक की दमोह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। वहीं तीसरी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात रैपुरा से घर वापस लौटते समय मौहन्द्रा के पास अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गई। जिससे घटनास्थल पर गोकुल पिता भैजालाल पटेल उम्र 45 वर्ष निवासी बुढवार की मौत हुई। वहीं जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हरिदास पिता हल्कू पटेल उम्र 70 वर्ष निवासी बुधवार की मौत हो जाने पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की। वहीं तीसरे घायल बृजलाल पटेल उम्र 42 वर्ष का इलाज जारी है, वहीं पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

### शासकीय आईटीआई गुनौर में युवा संगम रोजगार मेला 25 नवम्बर को

**पन्ना।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला उद्योग केन्द्र एवं गुनौर आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार, 25 नवम्बर को शासकीय आईटीआई गुनौर में सुबह 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया है। इसमें विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहकर साक्षात्कार के जरिए पात्र युवाओं का चयन करेंगे। कक्षा 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण युवक-युवतियां इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेजों सहित आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं समग्र आईडी की जानकारी के साथ उपस्थित रहने के संबंध में सूचित किया गया है।

### सभी शासकीय सेवक सोमवार तक भरकर जमा कराएं गणना प्रपत्र

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने सभी शासकीय सेवकों को सोमवार, 24 नवम्बर तक बीएलओ द्वारा प्रदत्त गणना प्रपत्र भरकर जमा कराने के निर्देश दिए हैं। बताया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक मतदाता को बीएलओ द्वारा गणना फॉर्म प्रदान किए जा चुके हैं। पन्ना जिले में विभिन्न शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपने फॉर्म भरकर प्रदाय करने में विलंब किया जा रहा है। इस संबंध में समस्त कार्यालय प्रमुख एवं नियंत्रणकर्ता अधिकारियों को उनके अधीन कार्यरत समस्त लोकसेवकों द्वारा अपने अपने मतदान केन्द्र के बीएलओ को गणना फॉर्म भरकर अनिवार्य रूप से सोमवार की शाम तक उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### चित्रकूट की मंदाकिनी में बहेगा केन का पानी, केनदृमंदाकिनी लिंक प्रोजेक्ट को मिली नई रफ्तार

**पन्ना।** केन-मंदाकिनी लिंक प्रोजेक्ट पर दोनों राज्यों में सहमति बनी, प्रारंभिक प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और इसे जल्द ही केंद्र सरकार को भेजा जाएगा, केन नदी का 250 डब्ड पानी मंदाकिनी नदी में डाइवर्ट किया जाएगा, दोनों राज्य-मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेशकृ125दृ125 डब्ड पानी उपलब्ध कराएंगे, पन्ना से सतना के मझगाँव तक बनेगी 110 किमी लंबी नहर, यह नहर केन नदी से पानी उठाकर मंदाकिनी में छोड़ेगी, पन्ना जिले के केन पर बनेगा छोटा बांध, इससे निकलेगी 110 किमी लंबी नहर, 25 मेगावाट प्रदूषण-मुक्त हाइड्रो पावर उत्पादन, प्रोजेक्ट से बिजली भी तैयार होगी, जिससे स्थानीय ऊर्जा आवश्यकता को मजबूती मिलेगी, चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में 18,000 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता विकसित होगी, 125 डब्ड पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध होगा, साफ जल से बदलेगा चित्रकूट का भविष्य, पानी पहुंचने के बाद चित्रकूट की मंदाकिनी में बढ़ेगा जलस्तर।

# व्यक्ति सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल, राहगीरों ने दिखाई मानवता



**शाहनगर।** रामगढ़ निवासी लगभग 40 वर्षीय संतु चौधरी सोमवार को घर लौटते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संतु चौधरी अपनी बाइक से लौट रहे थे, तभी अचानक सड़क पर एक व्यक्ति के आ जाने से उनका संतुलन बिगड़ गया। संतुलन खोने के कारण बाइक फिसल गई और वे सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कुछ देर तक संतु सड़क पर ही पड़े दर्द से कराहते रहे। इसी दौरान पन्ना जिले के देवरीगढ़ी निवासी नर्मदा प्रसाद त्रिपाठी अपनी कार से कटनी की ओर जा रहे थे। सड़क पर घायल युवक को देख उन्होंने तुरंत गाड़ी रोकी और स्थिति का जायजा लिया। उसी समय पवई से कटनी जा रहे एक अन्य व्यक्ति विनोद कुमार मिश्रा भी वहाँ पहुंचे। दोनों ने मिलकर बिना देर किए घायल संतु को उठाया और अपनी कार में बिठाकर अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। मानवता की मिसाल पेश करते हुए दोनों राहगीरों ने संतु चौधरी को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए तुरंत कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि राहगीर समय पर मदद नहीं करते, तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। देवरीगढ़ी पन्ना निवासी नर्मदा प्रसाद त्रिपाठी ने अपनी गाड़ी में ले गए अस्पताल विनोद कुमार मिश्रा पवई ने भी घायल को अस्पताल पहुंचाने में की मदद।

# त्याग, धर्म रक्षा और राष्ट्रभक्ति के संदेश से अनुप्राणित हुए विद्यार्थी

## गुरु तेग बहादुर जयंती पर सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कार-साधना का भव्य आयोजन

**पन्ना।** संस्कारों की जननी सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर में सिखों के नवें गुरु, धर्मरक्षा के लिए समर्पित गुरु तेग बहादुर जी की जयंती उल्लास, भक्ति और आदर्शपूर्ण वातावरण में मनाई गई। विद्यालय सभागार में आयोजित इस पावन कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत एवं प्रधानाचार्य शिवेंद्र नामदेव द्वारा मां वीणावादिनी के चित्र पर तिलक, वंदन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। दोनों ने गुरुजी के जीवन एवं बलिदान को राष्ट्रधर्म की सर्वोच्च प्रेरणा बताया।



### गुरु तेग बहादुर के आदर्श- त्याग, साहस और राष्ट्रधर्म का अमर संदेश-

प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन भारतीय संस्कृति, धार्मिक स्वतंत्रता और मानवता की रक्षा का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने अत्याचारों के विरुद्ध खड़े होकर जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह सदियों तक प्रेरणा देता रहेगा। प्रधानाचार्य शिवेंद्र नामदेव ने कहा कि गुरुजी का संयम, वीरता और आत्मबल वर्तमान पीढ़ी के लिए चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम मार्गदर्शन है।

### प्रेरक प्रवचन - छात्रों ने लिया चरित्र-निर्माण का संकल्प-

वरिष्ठ आचार्य सूर्यकांत तिवारी जी ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि गुरुजी का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि जीवन की दिशा देने वाला प्रकाश-स्तंभ है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने सत्य, साहस, राष्ट्रभक्ति और मानवदृसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए गुरुजी के उपदेशों को अपने आचरण में उतारने की प्रतिज्ञा दोहराई।

# बाघेन नदी पर रेत माफियाओं का कब्जा, दिन-दहाड़े दैत्याकार मशीनों से लूट रही अवैध रेत, खनिज विभाग गहरी नींद में

**अजयगढ़।** जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम पंचायत कटर्रा की जीवनरेखा कहलाने वाली बाघेन नदी अब रेत माफियाओं की जागीर बन चुकी है। एलएनटी जैसी विशाल मशीनें दिन-रात नदी को खोखला कर रही हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का काफिला अवैध रेत लेकर खुलेआम दौड़ रहा है, लेकिन खनिज विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। कटर्रा के सरपंच प्रतिनिधि चंद्रशेखर यादव ने हिम्मत दिखाते हुए पूरी सच्चाई उजागर की है। गुस्से में लाल-पीले होते हुए उन्होंने फोन पर बताया, "हमारी पंचायत को सरकारी निर्माण कार्यों के लिए एक ट्रैक्टर रेत भी नसीब नहीं होती, महंगे दामों में बाहर से खरीदनी पड़ती है। लेकिन ये रेत माफिया दिन-दहाड़े नदी को चीर रहे हैं, ट्रक भर-भर कर रेत ले जा रहे हैं और कोई रोकने वाला नहीं! खनिज विभाग सो रहा है या



सोने का नाटक कर रहा है?" चंद्रशेखर यादव ने साफ कहा, "अब और बर्दाश्त नहीं होगा। हम जल्द ही एसडीएम अजयगढ व पन्ना कलेक्टर से मिलकर पूरी फाइल के साथ शिकायत करेंगे। ये लूट बंद होनी चाहिए!" ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि नदी का सीना छलनी होने से आने वाले समय में पानी का संकट गहराएगा, बाढ़ का खतरा बढ़ेगा, लेकिन माफिया और अधिकारियों की मिलीभगत से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

**प्रश्न अब ये उठ रहा है-**
**कब तक चलेगी रेत माफियाओं की मनमानी? कब जागेगा खनिज विभाग? कब रुकेगी बाघेन नदी की लूट? पन्ना की जनता इंतज़ार कर रही है, किसी ईमानदार अधिकारी के एक्शन का!**

# अमानगंज झिरियन मोहल्ला स्थित शारदा माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

## अधरखुआ ग्राम से निकाली गई भव्य कलश यात्रा

अमानगंज (पन्ना)। अमानगंज के झिरियन मोहल्ला स्थित शारदा माता मंदिर में आज से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अधरखुआ ग्राम से झिरियन मोहल्ला तक निकाली गई भव्य कलश यात्रा के साथ की गई, यह कलश यात्रा सोमवार की शाम 4:00 बजे प्रारंभ हुई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, श्रद्धालु और युवक–युवतियाँ शामिल हुए।मां शारदा के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल स्थापित कर दिया। कथा स्थल पर विद्वान आचार्य द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जो कई दिनों तक चलेगा। आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह–शाम आरती व प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए समिति द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएँ भी की गई हैं।



# नाबालिक बच्ची घर से गायब, परिजन हैरान



**अमानगंज निप्र-** नगर के वार्ड क्रमांक 6 रेस्ट हाउस मोहल्ला अमानगंज से एक 15 वर्षीय नाबालिक बच्ची के गायब हो जाने से पूरा परिजन हैरान है घटना की सूचना उसके पिता ने स्थानीय पुलिस थाना में दी है जहां पुलिस ने गुम इंसान दर्ज करने के साथ ही आरोपी के पता शाजी की तैयारी आरंभ कर दी है घटना 23 नवंबर शाम 4:00 बजे की बताई जा रही है उसके पिता का कहना है कि जब वह चाय पीने बाजार की ओर आया था और शाम को घर वापस पहुंचा तो उसके बच्चे ने घटना की सारी जानकारी दी चारों ओर फरयादी ने पता लगाया कहीं जब कोई जानकारी नहीं मिली तब जाकर मामले की सूचना पुलिस को दी और मामले में शंका जाहिर करते हुए उसे किसी आरोपी द्वारा बहला फुसला कर ले जाने की बात कही है फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस का घटित पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# गुनौर में अवैध नशीले पदार्थों का विक्रय करने वालों पर कठोर कार्यवही हो - निखिल

### श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप शिव मंदिर के पीछे स्थित अंग्रेजी देशी शराब दुकान हटवाने बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन





**गुनौर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा प्रखण्ड अध्यक्ष रविकांत द्विवेदी के नेतृत्व में सोमवार को गुनौर क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब, गांजा व नशीले पदार्थ माफियाओं पर कार्यवाही न होने से युवा नशा के आदि हो रहे है जिससे आक्रोशित हो कर कलेक्टर के नाम तहसीलदार गुनौर को निम्न बिन्दुओं को ले कर ज्ञापन सौंपा जिसमें नगर परिषद् गुनौर, वार्ड क्रमांक 08, हरद्वाही मोड़ स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप शंकर मन्दिर के पीछे अंग्रेजी एवं देशी शराब का ठेका संचालित किया जा रहा है। मंदिर जैसे पवित्र स्थल के नजदीक शराब दुकान का संचालन लोक नीति, जन-आस्था, शांति-व्यवस्था एवं धार्मिक मर्यादा के पूर्णतः विरुद्ध है मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को शराब दुकान के सामने से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे जहां शराबियों का अड्डा बना रहता है वहीं शराबियों द्वारा मन्दिन के पास बैठ कर शराब पी कर वही अण्डा के छिलका, खाली शराब की बोतल छोड़ जाते है जिससे मन्दिर पूजा अर्चना करने आने वाले लोगो माताएं बहनों को समस्याएं बनी रहती हैं जिनमें धार्मिक अधिकारों, आस्था एवं मर्यादा का गंभीर उल्लंघन होता है कई बार पूजा के दौरान कई असामाजिक तत्व मंदिर परिसर के पास ही शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते पाए जाते हैं, जिससे धार्मिक स्थल की पवित्रता नष्ट हो रही है, स्थानीय लोगों माताओं बहनों में भय व असुरक्षा का वातावरण बना रहा है, तथा क्षेत्र की लोक शांति एवं कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं लगातार गुनौर क्षेत्र में अवैध तरीके से शराब, गांजा एवं अन्य नशीली वस्तुओं का व्यापार भी खुलेआम किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर बार-बार शिकायत के बावजूद भी संबंधित प्रशासन/अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिसके कारण असामाजिक गतिविधियाँ बढ़ती जा रही हैं। इस प्रकार की स्थिति नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों, समाज की सुरक्षा, और नगर की शांति-व्यवस्था के लिए अत्यंत हानिकारक है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक निखिल खरे ने ज्ञापन सौंपते हुए तहसीलदार से श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर (हरदोई मोड़, गुनौर) के समीप स्थित अंग्रेजी देशी शराब दुकानो को तत्काल प्रभाव से किसी अन्य जगह स्थानांतरित करने की कार्यवाही करने को कहा साथ ही गुनौर क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों के व्यापार पर विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जाए। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग, ब्ब्ज्ट निगरानी एवं असामाजिक तत्वों पर सख्त नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पूरे प्रकरण की महापरीक्षण/जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध भी आवश्यक निर्देश जारी किए जाने की भी बात कही। जिससे आपकी त्वरित एवं कठोर कार्यवाही से समाज में शांति, व्यवस्था एवं धार्मिक आस्था की सुरक्षा सुनिश्चित होगी चूंकि पूर्व में भी कई बार ज्ञापन सौंपा जा चुके है तत्काल कार्यवाही हो अन्यथा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सड़कों पर उतरकर बृहद आंदोलन करेंगे जिसमें प्रशासन की संपूर्ण जवाबदारी होगी। ज्ञापन में मुख्य रूप से बजरंग दल जिला सह संयोजक निखिल खरे, विश्व हिंदू परिषद प्रखण्ड अध्यक्ष रविकांत द्विवेदी, प्रखण्ड संयोजक बजरंग दल सत्यम शर्मा, विहिप प्रखण्ड मंत्री सुरेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष ब्रिजेश कटेहा, लोकेन्द्र यादव, सहमन्त्री रामप्रकाश प्यासी, मठ मंदिर प्रमुख रवेन्द्र जी, नगर अध्यक्ष रवेन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र रामायणी, मोहित तिवारी अंकित सोनी, लवकेश शर्मा एवं विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप



### बर्तन की नामी दुकान में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने एक घंटे में काबू पाया

**हरपालपुर।** थाना क्षेत्र की पुरानी गल्ला मंडी स्थित 70 वर्ष पुरानी बर्तन की दुकान में रविवार रात लगभग 10 बजे अचानक आग लग गई, जिससे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। दुकान से धुआं उठता देख आसपास के दुकानदार तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास के साथ सामान सुरक्षित स्थान पर ले जाने लगे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और 112 पुलिस मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। दुकान के अंदर बड़ी मात्रा में बर्तन रखे होने से आग बुझाने में दिक्कत पेश आई। दुकान मालिक अमित ताम्रकार की यह दुकान लकड़ी और टीन शेड के पुराने ढांचे वाली है, जिसमें रात के समय बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगना बताया जा रहा है। घटना के वक्त दुकान में मालिक और कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने आग फैलते ही बाहर निकलकर शोर मचाया। भाजपा नेता अशोक घूरा ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। वहीं दुकानदारों ने अपने स्तर पर अग्निशमन यंत्रों से शुरुआती प्रयास किए। रात होने के कारण भीड़ कम थी, जिससे दमकल वाहन बिना रुकावट के मौके पर पहुंच गया। आग की सूचना फैलते ही क्षेत्र के लोगों ने सड़क से वाहनों को हटाकर रास्ता साफ कर दिया था। फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### पुलिस प्रशिक्षण शाला में आयोजित यातायात पाठशाला कार्यक्रम



**छात्र-छात्राओं को दी गई यातायात नियमों की जानकारी**

**छतरपुर।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन के निर्देशन में जिले के सार्वजनिक स्थान, शैक्षणिक संस्थानों में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज थाना यातायात परिसर पुलिस प्रशिक्षण शाला में यातायात पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी यातायात निरीक्षक बृहस्पति साकेत द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं गोल्डन ऑवर के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यातायात संकेतों, सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु, शारीरिक एवं आर्थिक क्षति से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि यातायात नियमों का पालन आवश्यक एवं सरल है। छात्र-छात्राओं से आग्रह किया गया कि वे स्वयं भी नियमों का पालन करें और अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य बताया गया। मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले खतरे बताए गए। वाहन चेकिंग अभियान, चालानी कार्यवाही एवं ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी नियमों की जानकारी दी। बताया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण एवं लाइसेंस होने पर वाहन चालन की अनुमति दी जाती है। कार्यक्रम में गोल्डन ऑवर की महत्ता समझाते हुए राहवीर योजना की जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शीघ्र उपचार दिलाने पर सहयोगी को शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि एवं व्यय प्रतिपूर्ति प्रदान की जाती है। विद्यालय संचालक एवं उपस्थित अध्यापकों से शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप स्कूली वाहन संचालित करने हेतु अपील की गई।

## हाई स्कूल में 6 शिक्षक एसआईआर ड्यूटी में भेजे गए

## 6वीं से 10वीं तक की पढ़ाई ठप, अभिभावकों में नाराजगी बढ़ी



**राजनगर। छतरपुर** जिले के राजनगर विकासखंड के ललपुर शासकीय हाई स्कूल में 11 शिक्षकों में से 6 शिक्षकों को बीएलओ के रूप में एसआईआर/निर्वाचन कार्य में लगा दिया गया है। इसके कारण कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। बोर्ड परीक्षाएँ नजदीक होने के बावजूद विज्ञान, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी जैसे प्रमुख विषयों के शिक्षक ड्यूटी पर भेजे जाने से छात्रों की कक्षाएँ एक साथ संचालित करनी पड़ रही हैं।

जब छात्रों से बात की गई, तो लगभग सभी ने बताया कि कई विषयों की क्लासें एक सप्ताह से लेकर एक महीने तक नहीं लगी हैं। स्कूल के अतिथि शिक्षक महेश साहू ने बताया कि तीन शिक्षक बीएलओ ड्यूटी में, दो प्रशिक्षण केंद्र में और प्राचार्य मीटिंग में हैं। 6वीं से 8वीं के बच्चों की परीक्षाएँ सोमवार से शुरू हो रही हैं। स्टाफ कम होने से पढ़ाई में व्यवधान होना स्वाभाविक है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों का कहना है कि 10वीं बोर्ड परीक्षा बेहद समीप है और ऐसे समय एक-एक घंटे की पढ़ाई भी विद्यार्थियों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होती है। उनका आरोप है कि शिक्षकों को निर्वाचन कार्य में भेजकर पढ़ाई को अधर में छोड़ दिया गया है, जो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ जैसा है।

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बीएलओ ड्यूटी सरकारी आदेश है, जिसे कलेक्टर छतरपुर, एसडीएम राजनगर और शिक्षा विभाग के निर्देशों के तहत पालन करना अनिवार्य है। लेकिन स्थानीय स्तर पर यह सवाल खड़ा हो रहा है कि निर्वाचन जैसे कार्यों में हमेशा शिक्षकों को ही क्यों लगाया जाता है, जब अन्य विभागों के कर्मचारियों की भी नियुक्ति संभव है?उधर, अतिथि शिक्षकों ने भी अपनी अलग पीड़ा जताई है। उनका कहना है कि हम रोज स्कूल आकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं, लेकिन दो महीने से वेतन नहीं मिला है। परिवार का बजट बिगड़ गया है और आर्थिक परेशानी बढ़ती जा रही है। कई बार आदेश जारी होने के बावजूद बाबू बताते हैं कि बजट खत्म हो गया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से जल्द मुक्त किया जाए, ताकि बच्चों की नियमित पढ़ाई सुधर सके और बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके।

## बघेली लोक गीतों पर जन जातीय लोकनृत्य ने बांधा समा




**खजुराहो।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा संचालित आदिवर्त जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय, खजुराहो में साप्ताहिक सांस्कृतिक श्रृंखला 'देशज के अंतर्गत रविवार को बघेलखंड, बुन्देलखंड एवं जनजातीय परंपराओं पर आधारित विविध लोकनृत्य और लोकगीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और कलाकारों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई।

कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति जैकरण साकेत एवं साथियों, रीवा द्वारा बघेली लोकगीतों की रही कलाकारों ने गणेश वंदना, देवी गीत, सोहर एवं बधाई जैसे पारंपरिक गीतों से वातावरण को लोकसंगीत की मधुरता से भर दिया।

इसके पश्चात सीधी से पधारे मणिराज कोल एवं साथियों द्वारा कोलदहका जनजातीय नृत्य की रही। कोल संगीतप्रिय जनजाति है। कोल-देहका इनका सर्वप्रिय नृत्य है। कोल देहका का अर्थ है- कोलों का देहकना यानी उत्साह। यह नृत्य उमंग और आनन्द के साथ कुशल हस्त-पद संचालन और अपनी आदिम ऊर्जा के साथ किया जाता है। सगाई, विवाह, छठी आदि अवसरों पर यह नृत्य किया जाता है। इस नृत्य में नगडिया, ढोलक और झाँझ मुख्य वाद्य के रूप में उपयोग होते हैं।

कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति मुनीम कुशवाहा एवं साथियों, दतिया द्वारा बुन्देली संस्कार गीतों की रही। कलाकारों ने बिलवारी, गारी, जेवनार, बन्ना एवं सोहर जैसे गीतों की ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी कि दर्शक झूम उठे।

### सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव के रजिस्ट्रेशन 1 दिसंबर से

## 15 फरवरी को गरीब, निराश्रित मातृ पितृहीन तीन सौ बेटियों के बसेंगे घर



**छतरपुर।** सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में हर वर्ष शिवरात्रि के दिन सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव के माध्यम से उन गरीब बेटियों को परिणय सूत्र में बांधा जाता है जो बेसहारा, मातृ पितृहीन, अर्थहीन हैं। 15 फरवरी 26 को होने वाले इस महोत्सव में 300 बेटियों को वैवाहिक बंधन में बांधा जाएगा। 1 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच बेटियों के रजिस्ट्रेशन होंगे।

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव के संबंध में बताया कि इस वर्ष 300 बेटियों का विवाह करने का निर्णय लिया गया है। आगामी 1 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच धाम के कार्यालय नंबर पांच में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चलेगी। इस महोत्सव में उन बेटियों के विवाह किए जाते हैं जो बेसहारा है, अत्यंत निर्धन परिवार से है, मातृ पितृ हीन हैं। बागेश्वर धाम की दान पेटी से यह पुण्य कार्य किया जाता है। महाराज श्री ने कहा कि यदि देशभर के मंदिरों की दान पेटियां गरीबों की बेटियों का घर बसाने के काम आने लगे तो किसी भी गरीब की बेटी बोझ नहीं बनेगी। रजिस्ट्रेशन के बाद प्राप्त फार्मों के संबंध में उनकी वास्तविक स्थिति जांचने के लिए बागेश्वर धाम की टीम घर-घर जाएगी। जो बेटियां वास्तव में पात्र होंगी उन्हें ही महोत्सव शामिल होने का मौका मिलेगा। महाराज श्री ने अधिक से अधिक लोगों तक बात पहुंचाने का आग्रह करते हुए कहा है कि जितनी बात पहुंचेगी उतना गरीबों का कल्याण हो जाएगा।

**ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर की निष्पक्ष जांच की मांग**

## पिता-पुत्र की रहस्यमय मौत पर एक माह बाद भी नहीं हुआ खुलासा



**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के कटरा गांव में हुए दोहरे सनसनीखेज मामलों का खुलासा न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया है। सोमवार को ग्रामीणों और मृतक परिवार के लोगों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एक लिखित आवेदन दिया तथा पूरी घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की।

ग्रामीणों ने अपने आवेदन में बताया कि 28 अक्टूबर 2025 को ग्राम कटारा के नीलेश पाल की कुल्हाड़ी से काटकर बेरहमी से हत्या कर उसका शव गांव के बाहर गुड़पारा रोड पर फेंक दिया गया था। सटई थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया था। इसी घटनाक्रम के दो दिन बाद नीलेश के पिता रामकृपाल पाल का शव उनके ही खेत में फांसी पर लटका हुआ मिला था।

परिजनों का कहना है कि रामकृपाल पाल ने स्वयं फांसी लगाई थी या उनकी भी हत्या कर फंदे पर लटकाया गया, इस बात की आज तक कोई स्पष्ट जांच नहीं हुई है। परिवार और ग्रामीणों का आरोप है कि घटना को एक महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो हत्या के आरोपियों का कोई सुराग लगा पाई है, न किसी संदिग्ध से पूछताछ की गई और न ही किसी गिरफ्तारी की कार्रवाई हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि यह एक सनसनीखेज और भयावह घटना थी, जिससे पूरा गांव दहशत में है, लेकिन पुलिस की ढीली जांच के कारण मामले का रहस्य अभी भी बरकरार है।

ग्रामीणों और परिजनों ने एसपी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराई जाए, सटई थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं, हत्या तथा संदिग्ध आत्महत्या दोनों घटनाओं का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही से आरोपी खुले घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही खुलासा नहीं किया गया, तो गांव में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय समूहगान स्पर्धा में रायपुर की टीम दोनों विधाओं में रही प्रथम

## विजेता टीम 14 दिसंबर को ग्वालियर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय स्पर्धा में करेगी शिरकत

**छतरपुर।**




भारत विकास परिषद्, मध्यक्षेत्र द्वारा 23 नवम्बर 2025, रविवार को पं. मोतीलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, छतरपुर में क्षेत्र स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता-2025 भव्यता के साथ आयोजित की गई। विभिन्न प्रांतों की चयनित टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कृष्णा पब्लिक स्कूल, सरोना, रायपुर की टीम ने हिंदी एवं संस्कृत दोनों विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर छतरपुर का मान बढ़ाया। अब यह टीम 14 दिसंबर को ग्वालियर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेगी।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र सिंह उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय अतिरिक्त महामंत्री विनीत गर्ग ने की। विशिष्ट अतिथियों में राजेश कुमार देवलिया, श्रीमती स्वाति निवेश जायसवाल, विष्णु प्रसाद सोलंकी सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों का तिलक, बैज एवं पुष्पमाला से स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि व अतिविशिष्ट अतिथियों ने परिषद् द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता को युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने का सशक्त माध्यम बताया। उद्घाटन सत्र का संचालन योगेश जैन ने किया।

प्रतियोगिता के दूसरे चरण में तीन शैलियों—हिंदी, संस्कृत और लोकगीत—में राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत समूहगान प्रस्तुत किए गए। मध्यभारत उत्तर, मध्यभारत दक्षिण, मध्यभारत पश्चिम, विंध्य, महाकौशल एवं छत्तीसगढ़ प्रांतों की पांच टीमों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आकर्षक वेशभूषा व मनोहारी हावभाव ने प्रस्तुतियों में चार चांद लगा दिए। प्रतियोगिता संचालन परिषद् के उपाध्यक्ष डॉ. सुमति प्रकाश जैन द्वारा किया गया। शाम 4 बजे समापन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक ललिता यादव रहीं तथा अध्यक्षता श्री विनीत गर्ग ने की। विशिष्ट अतिथियों में अनिल डागा, सुधीर अग्रवाल, आलोक टिकरिया, विकेंद्र वाजपेयी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को सम्मानपूर्वक पुरस्कृत किया गया।

### प्रतियोगिता परिणाम

**हिंदी भाषा** - प्रथमः कृष्णा पब्लिक स्कूल, रायपुर; द्वितीयः चाणक्य हायर सेकेंडरी स्कूल, नरसिंहपुर; तृतीयः सरस्वती उच्चतर माध्यमिक स्कूल, सतना। सांत्वनाः न्यू दिगम्बर पब्लिक स्कूल, इंदौर एवं मिस सिल हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्वालियर।

**संस्कृत भाषा** – प्रथमः कृष्णा पब्लिक स्कूल, रायपुर; द्वितीयः चाणक्य पब्लिक स्कूल, नरसिंहपुर; तृतीयः सरस्वती उच्चतर मा. विद्यालय, सतना। सांत्वनाः मिस सिल हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्वालियर एवं न्यू दिगम्बर पब्लिक स्कूल, इंदौर। निर्णायक मण्डल में श्रीमती उर्मिला पाण्डेय, चंद्रभूषण तिवारी एवं सुरेंद्र तिवारी सम्मिलित थे।

मुख्य अतिथि ललिता यादव एवं विनीत गर्ग ने छतरपुर शाखा द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंधन व सफल आयोजन की प्रशंसा की। कार्यक्रम संचालन राहुल जैन ने किया तथा आभार प्रांतीय संयोजक सुरेश विश्वनोई द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम स्थल पर स्वल्पाहार, भोजन एवं डिनर पैकेट की सुव्यवस्थित व्यवस्था रही। राष्ट्रीय इकाई के पदाधिकारियों सहित अनेक गणमान्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय में लगाई गुहार, एफआईआर न दर्ज होने पर आक्रोश



**छतरपुर।** राजनगर के मोहम्मद लुकमान (19) ने अपने परिवार पर लगातार हो रहे अत्याचारों और जान से मारने की धमकियों को लेकर सोमवार को एसपी कार्यालय में आवेदन दिया है। पीड़ित का आरोप है कि थाना राजनगर में शिकायत देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

पीड़ित के अनुसार 23 नवंबर 2025 की रात करीब 10 बजे आरोपी छोटे राजा ने उसके भाई मोहम्मद गुलफाम के फोन पर कॉल किया, जिसे लुकमान ने रिसीव किया। फोन उठाते ही आरोपी गाली-गलौज करने लगा और दुकान बंद करने की धमकी देते हुए कहा कि दुकान में कोई मिला तो पाँच मिनट में जान से खत्म कर दूँगा। पीड़ित ने बताया कि बात यहीं तक नहीं रुकी। रात सवा 10 बजे आरोपी छोटे राजा अपने साथियों अतुल चौरसिया और अजय कश्यप के साथ उसके घर पहुंचा और बाहर खड़ी अल्टो कार पर ईंट मारकर आगे का शीशा तोड़ दिया। तोडफ़ोड़ की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग पीड़ित के पास मौजूद है। घटना के बाद डायल-112 मौके पर पहुंची, कार की फोटो ली और लुकमान को थाने लेकर गई। लेकिन थाने में रात में शिकायत लेने से मना कर दिया गया और सुबह आने को कहा गया। सुबह जब लुकमान दोबारा थाना राजनगर पहुँचा तो थाना प्रभारी ने उसके आवेदन और एफआईआर दोनों लेने से इनकार कर दिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से ही कई मामले दर्ज हैं, इसके बावजूद पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है। पीड़ित ने एसपी से मांग की है कि थाना राजनगर को निर्देशित कर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई कराई जाए, ताकि उसके परिवार के साथ किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

### विन्ध्या हॉस्पिटल में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रतियोगिता का आयोजनः नवाचार और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सिंगरौली।** विन्ध्या हॉस्पिटल द्वारा रचनात्मकता और पर्यावरण-संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्टाफ सदस्यों ने उपयोग हो चुके वायल्स, IV ट्यूब्स, बोतलें और अन्य अस्पताल सामग्री को आकर्षक व उपयोगी मॉडलों में परिवर्तित कर अपनी कल्पनाशीलता और कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम ने टीम की सतत विकास, संसाधन-संरक्षण और 5S सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर किया।

यह कार्यक्रम डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा) के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ (वरिष्ठ स्पेशलिस्ट, विन्ध्या चिकित्सालय), श्री सुर्जन सिंह राजपूत (सहायक ऑफिसर, विन्ध्या हॉस्पिटल) और सुश्री सविता पटेल (मैट्रन) ने प्रभावी समन्वय किया। जजिंग पैनल में डॉ. मयूराक्षी भराली (महाप्रबंधक, चिकित्सा), श्री सुमन कुमार (अपर महाप्रबंधक, प्रचालन) और श्रीमती गार्गी प्रसाद (कोषाध्यक्ष, सुहासिनी संघ) शामिल रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों की ऊँची गुणवत्ता और उत्कृष्ट रचनात्मकता की सराहना की।

इस प्रकार की पहलें नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करती हैं, पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण को मजबूत करती हैं और संगठन के भीतर सतत विकास का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

### एनटीपीसी विन्ध्याचल ने ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित कर बढ़ाया ग्रामीण खेलों का उत्साह

**सिंगरौली।**एनटीपीसी विन्ध्याचल ने अपनी सुदृढ़ सीएसआर पहल के तहत 3-दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया, जिसका समापन 23 नवम्बर 2025 को तियरा ग्राम पंचायत, सिंगरौली में हुआ। क्षेत्र के आठ गाँवों की टीमों ने इसमें भाग लिया, जिसका उद्देश्य खेल भावना को बढ़ावा देना, समुदायिक सहभागिता को मजबूत करना और ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था। उद्घाटन मैच सिद्धी खुर्द और तियरा गाँव के बीच खेला गया, जिसने टूर्नामेंट की उत्साहपूर्ण शुरुआत की उद्घाटन समारोह में श्री माहताब आलम, उप महाप्रबंधक(सीएसआर एंड आर एंड आर) एवं स्थानीय विधायक प्रतिनिधि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने एनटीपीसी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने और समुदाय विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। फाइनल मुकाबला ग्राम - काम और तियरा गाँव की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें ग्राम - काम की टीम विजेता बनी। पुरस्कार वितरण विधायक (सिंगरौली) माननीय श्री रामनिवास शाह द्वारा किया गया। एनटीपीसी विन्ध्याचल की ओर से श्री नीरज झा, वरिष्ठ सहायक अधिकारी (मानव संसाधन) उपस्थित रहे। माननीय विधायक ने एनटीपीसी की प्रभावशाली सीएसआर गतिविधियों की प्रशंसा की, जो स्थानीय समुदाय व ग्रामीण खेलों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। यह टूर्नामेंट युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, गाँवों के बीच सौहार्द बढ़ाने और जमीनी स्तर पर खेल-कौशल को निखारने की दिशा में एक सफल पहल

### उप निदेशक खान सुरक्षा वाराणसी ने एनसीएल दुद्धिचुआ परियोजना में चार श्रम संहिताओं को श्रमिकों के सामने विस्तृत रूप में किया वर्णन



**सिंगरौली।** एनसीएल दुधीचुआ परियोजना में के. जीवन कुमार उप निदेशक खान सुरक्षा (DDMS) वाराणसी रीजन के मार्गदर्शन में "चार श्रम संहिताओं" के विषय पर जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक विनोद कुमार सिंह के द्वारा की गई। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष (HODs), JCC DCH सदस्य, महिला कर्मी एवं ठेका कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभागीय कर्मचारियों, महिला कर्मियों तथा ठेका श्रमिकों को "चार श्रम संहिताओं" से संबंधित मुख्य प्रावधानों पर आधारित मुख्य बिंदुओं पर पोस्टर वितरित किए गए । प्रतिभागियों को श्रमिक सुरक्षा, वेतन अधिकार, अवकाश तथा श्रम कल्याण से जुड़े प्रमुख बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अपने उद्बोधन में क्षेत्रीय महाप्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि "चार श्रम संहितायें" श्रमिक हितों और अधिकारों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे तथा इनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संगठन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। बैठक का सफल संचालन सेफ्टी टीम, सभी विभागों के समन्वित सहयोग एवं DDMS के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

## एनसीएल खडिया में अंतर-क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 हुई सम्पन्न

**सिंगरौली।** स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की खड़िया परियोजना में गत शनिवार को अंतर-क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 सम्पन्न हुई। यह प्रतियोगिता 20 नवंबर से 22 नवंबर 2025 तक आयोजित की गयी जिसमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 12 टीमों से 168 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 15 मैच खेले गए।

समापन समारोह के दौरान निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में उन्होनें विजेता टीम को बधाई देते हुए खेल को टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व, सहकारिता का सूत्र बताया। इसके अतिरिक्त उन्होने आने वाली पीढ़ी को भी खेल-कूद से जोड़ने हेतु आह्वान किया।

इस अवसर पर कंपनी स्तरीय जेसीसी सदस्य- सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक कुमार पांडे, सीएमओएआई से सर्वेश सिंह, महाप्रबंधक (खड़िया) के. डी. जैन , परियोजना जेसीसी सदस्य, विभागाध्यक्षगण, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेम्बर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### जयंत टीम रही विजेता

अंतर-क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच जयंत एवं मुख्यालय की टीमों के बीच खेला गया। इस दौरान जयंत टीम ने शानदार प्रदर्शन के साथ 3-2 से मुख्यालय टीम को हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। प्रतिस्पर्धा के दौरान संतोष वैश्य (जयंत) बेस्ट प्लेयर, राजेन्द्र वैश्य (मुख्यालय) बेस्ट स्कैटर, शशि कुमार वैश्य (मुख्यालय) बेस्ट लिबेरो एवं जगन्नाथ वैश्य (मुख्यालय) बेस्ट स्मैशर बने।

गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष अपने कर्मियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनके शारीरिक और मानसिक विकास हेतु ऐसी अनेक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

## खबर संक्षेप

### बोतल में पेट्रोल व डीजल दिया तो होगी सख्त कार्यवाही

**कटनी।** कोतवाली प्रभारी राखी पांडे ने शहर के तीन पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया और कर्मचारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि गाड़ियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को बोतल में पेट्रोल या डीजल दिया गया तो सख्त कार्रवाई तय है। शहर के कुछ पेट्रोल पंपों में बोतलों में ईंधन देने की चर्चाएं सामने आती रही हैं, जो किसी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। इस संभावित खतरे को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को इस तरह की गतिविधियों पर तत्काल अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में आज लेडी कोतवाल ने पंपों पर पहुंचकर कर्मचारियों को साफ कहा "नियमों का उल्लंघन करते पाए गए तो संबंधित व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे।" उन्होंने पंप प्रबंधन को भी आगाह किया कि सुरक्षा मानकों का पालन हर हाल में सुनिश्चित करें। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी पंप पर बोतलों में ईंधन बेचे जाने की जानकारी मिलते ही तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि ऐसी जोखिमपूर्ण गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

### 17 बीएलओ सुपरवाइजर व 61 बीएलओ को शोकाज नोटिस जारी

**कटनी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में रूचि नहीं लेने और कमजोर प्रगति वाले 17 बीएलओ सुपरवाइजर और 61 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।एस डी एम प्रमोद चतुर्वेदी ने मतदान केन्द्र क्रमांक 61 से 80 के नोडल अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी पीएचई जितेन्द्र गुप्ता द्वारा प्रगति न्यून होने और फ़ोन नहीं उठाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनसे 24 नवंबर को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्रों में बीएलओ एप में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य 40 प्रतिशत से कम होने पर 17 बीएलओ सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।इन सभी से ए ईआरओ के समक्ष जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अलावा मतदान केंद्रों में बीएलओ एप में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य 30 प्रतिशत से कम होने पर मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के 61 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।इन सभी को एईआरओ के समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिये हैं।

### अनियंत्रित पिकअप पलटा

**कटनी।** पिपरौध स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास एक नारियल से लोड पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में गाड़ी को नुकसान पहुंचा है लेकिन ड्राइवर और हेल्पर सुरक्षित रहे।

### वीरांगना झलकारी बाई की मनाई जयंती

**हरिभूमि न्यूज: उमरियापान**

वीरांगना झलकारी बाई की 196वीं जयंती शनिवार को ग्राम पिपरिया शुक्ल में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया, भाजपा जिला मंत्री विजय दुबे, उमरियापान मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे सहित अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की पूजा-अर्चना और वीरांगना झलकारी बाई के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में स्थानीय छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति व सामाजिक संदेशों से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनों ने खूब सराहा। इसी दौरान अतिथियों ने शिक्षक सुनील तंतुवाय द्वारा लिखित पुस्तकों अंग्रेजी व्याकरण और ग्रामीण भारत का परिदृश्य का संयुक्त रूप से विमोचन किया। अपने संबोधन में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के समानांतर युद्धभूमि में अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया। देश की स्वतंत्रता संग्राम की इस वीरांगना को भारत के इतिहास में विशेष स्थान प्राप्त है।

## 28 नवम्बर तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करें - कलेक्टर
# कलेक्टर ने सेमरिया में एसआईआर कार्य की समीक्षा की

रीवा।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने सेमरिया नगर परिषद में बैठक लेकर एसआईआर कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि 28 नवम्बर तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करें। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिये कि सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्रों का भ्रमण करें तथा लक्ष्य की पूर्ति रणनीति के अनुसार कार्य करायें। उन्होंने गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ से एप में गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन कार्य की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि गणना पत्रक तत्काल मतदाताओं से प्राप्त कर लें तदुपरांत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने तहसील में टीम लगाकर डिजिटाइजेशन कार्य कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मृत मतदाताओं की जानकारी एकत्र कर उन्हें अपडेट करने सहित अन्य प्रक्रिया के संबंध में





कलेक्टर ने बीएलओ से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीएलओ से कहा कि मतदाता एप काफी आसान है फिर भी यदि इनमें दिक्कत आ रही है तो कम्प्यूटर चलाने वाले अन्य व्यक्ति की मदद लेकर कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि तय समय में यह कार्य पूर्ण हो जाय। कलेक्टर ने कार्य में लापरवाह सकरवट बीएलओ बृजेन्द्रनाथ पाण्डेय को निलंबित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र बीड़ा का किया निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य का ग्राम पंचायत बीड़ा में निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में उपस्थित बीएलओ तथा पटवारी से गणना पत्रक प्राप्त होने, उनका डिजिटाइजेशन करने आदि के संबंध में पूंछतांछ की। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शीघ्र कार्य पूर्ण करें। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं से भी अपेक्षा की कि गणना पत्रक भरकर जमा करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसे तत्काल जमा करने के लिये कहें। इस दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, एसडीएम दृष्टि जायसवाल, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस आशीष दुबे सहित राजस्व अधिकारी तथा बीएलओ उपस्थित रहे।

# लोक अदालत के संबंध में बैठक संपन्न



रीवा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में 13 दिसम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु श्री सुरेन्द्र कुमार विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत, मोहित कुमार जिला न्यायाधीश द्वारा बीमा कंपनी के पदाधिकरी एवं उनके अधिवक्ता के साथ बैठक आहूत की गई।

विद्युत विभाग के पदाधिकरियों के साथ बैठक नवीन जिला न्यायालय के कान्फ्रेंस हाल में बैठक आयोजित हुई। बैठक में नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में समझौता के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के सबंध में चर्चा की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया की विद्युत के लंबित व प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से निराकरण पर शासन द्वारा नियमानुसार छूट भी प्रदान की जायेगी। बैठक में बी.के. तिवारी, अखिलेश निगम, मोहनलाल तिवारी, संजय निगम, शर्वेश गुप्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बीड़ा का किया औचक निरीक्षण, स्टाफ नर्स को निलंबित करने के दिये निर्देश

**रीवा** । कलेक्टर प्रतिभा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बीड़ा का औचक निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र में नवजात शिशु को जन्म के उपरांत नियत समय में लगाये जाने वाले टीकों के निर्धारित समय सीमा में न लगने पर नाराजगी व्यक्त तथा मरीजों द्वारा की गई शिकायत पर स्टाफ नर्स राजूदेवी साकेत को निलंबित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में 17 स्टाफ के विरूद्ध सिर्फ 4 चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित रहा कलेक्टर ने



उपस्थिति रजिस्टर जप्त कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था तथा मरीजों को मिलने वाले भोजन एवं की जाने वाली जांच के संबंध में पूंछताछ की। इस दौरान एसडीएम दृष्टि जायसवाल उपस्थित रहीं।

# बाजार में स्कार्पियों से आए लोगों ने महिलाओं के साथ की मारपीट, ऑटो से टक्कर के बाद हुआ विवाद, सिविल लाइन थाना में पीड़ितों ने की शिकायत

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत घोड़ा चौराहा के पास रविवार की रात करीब 9:30 बजे उस समय हंगामे की स्थित निर्मित हो गई जबकि एक आटो और स्कार्पियों में मामूली टक्कर हो गई। स्कार्पियो सवार युवकों ने आटो चालक से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट देख आटो में सवार महिला पुरुष जब बीच बचाव में आए तो दबंगों ने महिलाओं और लड़कियों के साथ भी मारपीट की। घटना के संबंध में सिविल लाइन थाना महिलाओं के साथ पहुंचे पीड़ित अरविंद कुमार भार्गव ने बताया कि वो वैवाहिक कार्यक्रम के लिए रीवा आए हुए है। रविवार को शहर के बाजार में समान की खरीदी कर वापस आटो से



गोडहर जा रहे थे। साई मंदिर के आगे घोडा चौराहा के पास जैसे ही आटो पहुंचा। स्कार्पियों से आटो को मामूली टक्कर हो गई। लेकिन स्कार्पियों को कोई नुकसान नहीं हुआ था। इसके बाद स्कार्पियों में सवार लोगों ने अपने साथियों को बुलाया और करीब दस की संख्या में पहुंचे युवकों ने आटो चालकसहित उसमे सवार महिलाओं से मारपीट शुरू कर दी। इस बीच पुलिस भी बीच बचाव करने आई लेकिन आरोपी मानने को तैयार नहीं थे। घटना के बाद पीड़ित सिविल लाइन थाना पहुंचे और पूरे मामले की शिकायत दर्ज करवाई। पीड़ित ने बताया कि सरहंगों ने महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की जो समाज के लिए सही नहीं है।

# अमिलिकी में मनाई गई श्री सत्यसाईं की 100वी जयंती भंडारा प्रसाद के साथ गरीबों को कंबल वितरण किया गया

**रीवा** । मानव कल्याण हेतु धरती पर अवतार लेकर श्री सत्यसाईं भगवान की 100वी जयंती देश विदेश में धूमधाम से मनाई गई इसी क्रम में रीवा जिले की अमिलिकी समिति में विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किए गए जिसमें सर्वप्रथम ब्रह्ममुहूर्त में सत्यसाईं चौक पर सुप्रभातम विधिवत संपन्न हुआ तत्पश्चात नगर संकीर्तन निकल गया जिसमें लगभग सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे संकीर्तन के पश्चात सुबह प्रसाद वितरण एवं श्री सत्यसाईं भगवान के जन्मशताब्दी के अवसर पर केक काटकर सभी ने एक दूसरे को बधाइयां दी, अमिलिकी समिति के



संयोजक नागेंद्र मिश्रा ने बताया कि अत्यंत सौभाग्य है कि श्री सत्यसाइ के हाथों का लगा बटवृक्ष पुट्टपर्थी से सिर्फ 6 इंच का पौधा आया था जो कि आज एक बड़े बटवृक्ष का आकार लेता जा रहा है इसी वटवृक्ष के नीचे दोपहर के समय भगवान के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में आदित्या मिश्रा द्वारा वेद पाठ की प्रस्तुति की गई क्रमशः दोपहर मैं भजन का कार्यक्रम चलता रहा, तत्पश्चात आसपास के क्षेत्र वासियों ने बड़ी संख्या में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया, समिति के संयोजक नागेंद्र मिश्रा ने इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में आए गरीबों को कंबल वितरण किया जिला महिला सेवा प्रभारी एवं वर्तमान में अमिलिकी सरपंच बबिता मिश्रा ने श्री सत्य साईं भगवान के विषय में बताते हुए कहा कि पुट्टपर्थी में भगवान का वृहद जन्म शताब्दी कार्यक्रम मनाया जा रहा है जिसमें प्रधानमंत्री उपराष्ट्रपति सहित देश की बड़ी दिग्गज हस्तियां पहुंची थी जिन्होंने अपने-अपने विचार व्यक्त किया तथा भगवान का आशीर्वाद लिया है आज लगभग डेढ़ सौ से अधिक देशों में भगवान के भक्त हैं संगठन उनके ज्ञान का प्रचार प्रसार कर रहा है उनकी मानव सेवा के सिद्धांत को अपने से जीवन में भगवान की कृपा अपने आप ही प्राप्त हो जाती है जिससे जीवन में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ज्ञान का संचार होता है इस मौके पर समिति संयोजक नागेन्द्र मिश्रा, जिला महिला सेवा प्रभारी बबिता मिश्रा,आईटी प्रभारी देवाशीष मिश्रा,श्री सत्यसाईं इंस्टीट्यूट की पूर्व छात्रा एवं वर्तमान डाइटिशियन आदित्या मिश्रा, आध्यात्मिक प्रभारी दिलीप मिश्रा, राजेश कुमार वर्मा सरपंच रौरा सहित सैकड़ो पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिले में अब तक हुआ 72.55 प्रतिशत गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन

**रीवा** । रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। गणना पत्रक डिजिटाइजेशन ने 24 नवम्बर को 10 लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है। कई बीएलओ ने अपने सभी मतदाताओं के गणना पत्रक संकलित करके शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर दिया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 24 नवम्बर को शाम 4 बजे तक मतदाताओं से 1008928 गणना पत्रक प्राप्त कर इसे डिजिटाइज कर लिया गया है। यह कुल लक्ष्य का 72.55 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में लक्ष्य का 76.47 प्रतिशत, सेमरिया में 77.18 प्रतिशत, त्योंथर में 72.95 प्रतिशत, मनगवां में 79.44 प्रतिशत, रीवा में 66.58 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 73.01 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। अब तक विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 171833, सेमरिया में 176474, त्योंथर में 161071, मनगवां में 175125, रीवा में 151124 तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 173301 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। इन्हें डिजिटाइज करने के लिए पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं। सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक भरवाने और संकलित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## लेखा प्रशिक्षण का सत्र एक दिसम्बर से आवेदन आज तक आमंत्रित

रीवा ।

लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र एक दिसम्बर से 15 फरवरी 2026 तक प्रारंभ हो रहा है। लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 25 नवम्बर से तक स्वीकार किए जाएंगे। अर्द्धशासकीय विभाग के प्रशिक्षणार्थियों को दो हजार रुपए का चालान संबंधित शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएं 800 अन्य प्राप्तियाँ 00-101-0000-00 में जमा कर आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करना होगा। इस प्रशिक्षण में वही लिपिक वर्गीय कर्मचारी सम्मिलित हो सकेंगे जिनकी सेवा नियमित रूप से एक वर्ष या इससे अधिक हो। साथ ही वह मध्यप्रदेशा शासन के वित्त विभाग के नवीन विभागीय परीक्षाओं की व्यवस्था विषयक आदेश के अनुसार पात्र हों। लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश एवं परीक्षा तथा अग्रिम वेतन वृद्धि के सबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी नियम और निर्देश मान्य होंगे।

# स्वच्छ भारत मिशन 2.0, रीवा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण, कचरे से आय बढ़ाने पर फोकसअधिकारियों और कर्मचारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**रीवा** । नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता नॉलेज पार्टनर संस्था हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट (हाईफीड) द्वारा होटल चन्द्रलोक में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पहले दिन 24 नवंबर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी और इंजीनियरों को अपशिष्ट से मूल्य सृजन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि कचरे को वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधित कर न केवल पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है, बल्कि इससे आर्थिक मूल्य भी उत्पन्न किया जा सकता है। एक



प्लास्टिक की बोतल के उदाहरण से प्रतिभागियों को इसकी लागत, पुनर्चक्रण और उससे होने वाले लाभ की गणना समझाई गई। प्रशिक्षकों ने अधिकारियों से कहा कि स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपनी-अपनी यूएलबी में व्यवहारिक रणनीति तैयार करें और टीम के साथ गहराई से चर्चा कर प्रभावी कदम लागू करें। तकनीकी प्रक्रियाओं के फील्ड स्तर पर क्रियान्वयन को अनिवार्य बताया गया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को यह भी समझाया कि घरों से कचरा संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण इकाई तक कचरा किन-किन चरणों से गुजरता है और किस स्तर पर आर्थिक लाभ व पर्यावरण संरक्षण संभव है। प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए कहा कि आने वाले दशक में ई-वेस्ट एक गंभीर चुनौती बन सकता है, जिसके लिए अभी से नीतिगत और तकनीकी तैयारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं की ओर बढ़ते हुए पर्यावरण की अनदेखी करना अत्यंत चिंताजनक है। कचरे से पर्यावरण और जलस्रोतों के प्रदूषण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ रहा है और उपचार पर भारी खर्च करना पड़ता है। इसलिए कचरे से मूल्य सृजन कर आर्थिक लाभ अर्जित करना समय की आवश्यकता है।44 प्रतिभागियों ने लिया हिस्साकार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ शक्तिवर्धन धरणी, सुमित नेगी और अनिल गुप्ता ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर पीआईयू केपीएमजी रीवा डिविजन से सज्जन सिंह, सुश्री प्रियंका तिवारी, तथा संस्था प्रतिनिधि अनिल पैनूली, दर्पण चौबे और संदीप सोनी उपस्थित रहे।

## आहरण संवितरण अधिकारी वेतन 27 नवम्बर तक करें जनरेट

**रीवा।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से 27 नवम्बर तक वेतन देयक जनरेट करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी निर्धारित तिथि तक अनिवार्यतः वेतन देयक जनरेट कर दें जिससे एक दिसम्बर को शत-प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके। समय पर वेतन जनरेट न करने पर माह की पहली तारीख को वेतन दिया जाना संभव नहीं होगा। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन किसी कारणवश रोका गया है, उन्हें छोड़कर शेष सभी के वेतन देयक जनरेट कर दें।

## मऊगंज मे 26 नवम्बर रोजगार मेला का आयोजन

**मऊगंज** युवा संगम कार्यक्रम के तहत सतपुड़ा आई.टी.आई. मऊगंज में 26 नवम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 15 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार (म.प्र.), प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा, एच.डी.एफ.सी. लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा, सिटी कार प्रा. लि. सतना, एमआरएफ लि. दहेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (सोलर) जामनगर गुजरात, बजाज आटो लिमिटेड पुणे, संतारा कॉसमेटिक प्रा. लि. अहमदाबाद, ऐलिन इलेक्ट्रानिक लि. गाजियाबाद, आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात, याजाकी इंडिया लि. हरियाणा तथा मदर्सन मेट आटोमोटिव लि. सनन्द गुजरात में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे

# नंदनपुर बांध के रखरखाव के लिए विधायक ने 2498 लाख की राशि का किया भूमिपूजन

मऊगंज

जिले की देवतालाब विधानसभा में अमोखर पंचायत के नंदनपुर बांध में कई वर्षों से पानी का रिसाव हो रहा था कई गांवों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा था जिसका पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक गिरीश गौतम देवतालाब ने 24-98 लाख की राशि का किया भूमि पूजन किया क्षतिग्रस्त हेड स्लूम मेंटेनेंस के लिए विधायक ने इतनी राशि देते हुए कहा अब फिर से खेतों में हरियाली होगी और घरों में खुशहाली उन्होंने कहा लगातार क्षेत्र की जनता के लिए हम और हमारी सरकार प्रयास कर रही हैं चाहे वह सड़क हैंडपंपों जलस्यों एवं भवन निर्माण का हो नंदनपुर बांध के मेंटेनेंस के बाद अन्य बांधो का पुनर्निर्माण एवं नवनिर्माण किया जाएगा बड़े स्तर से बाणसागर का पानी हर खेत में पहुंचने की योजना प्रभावी रूप से चल रही है भूमि पूजन के समय



जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र शुक्ला पुष्पेंद्र गौतम जनपद सदस्य नरेंद्र तिवारी कवी रकरी सरपंच प्रतिनिधि अनिल सिंह वरिष्ठ संविदाकार बालेंद्र मिश्रा सरपंच प्रतिनिधि लाल बहादुर पटेल सुरेंद्र गिरी आमोखर सरपंच दादू लाल सकेत सरपंच सुरेश गुप्ता सरपंच प्रतिनिधि उदय सिंह शिवबती नंदन तिवारी अधिवक्ता प्रदीप सिंह महर्षि कर्दम ऋषि युवा नेता विकास तिवारी सहित जल संसाधन विभाग विकास के वरिष्ठ अधिकारी संविदाकार अभिषेक यादव उपस्थित रहे।